प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 08.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद पर भारत के दृढ़ रुख को दोहराते हुए कहा– इस मुददे पर नहीं होगा कोई समझौता, मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ कई समझौता ज्ञापनों पर किए हस्ताक्षर।
2. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा स्थिति और विकास कार्यों की प्रगति पर की बैठकें, केंद्र और झारखंड समेत अन्य राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल।
3. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा– किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए कई स्तरों पर तेजी से कार्य कर रही है राज्य सरकार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का है लक्ष्य।
4. राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक मौसम के सामान्य और शुष्क बने रहने की संभावना, न्यूनतम तापमान में जल्द ही दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की होगी वृद्धि।
5. आईपीएल की तर्ज पर 10 फ़रवरी से लोहरदगा में होगा चार दिवसीय टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट, अंतिम दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग भी रहेंगे मौजूद।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कुआलालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस वार्ता में रक्षा और सुरक्षा संबंधों को बढ़ाने तथा आर्थिक और नवाचार साझेदारी को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने कई समझौतों और दस्तावेजों का आदान–प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मलेशिया के बीच समुद्री सुरक्षा, रक्षा और आतंकवाद से मुकाबले संबंधी सहयोग में विस्तार होगा।

श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है। आतंकवाद पर कोई दोहरा मानदंड नहीं हो सकता और आतंकवाद से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

***************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और विकास परियोजनाओं की समीक्षा के लिए कई उच्चस्तरीय बैठकें कीं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इन बैठकों में केंद्र और झारखंड समेत अन्य राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी तथा सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

***************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने कहा है कि वर्ष 2047 के विकसित भारत को लक्ष्य को रखकर इस बार केंद्र सरकार ने देश का आम बजट पेश किया है। बजट पर संवाद कायम करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आज रांची में एक प्रेस वार्ता में कहा कि यह बजट झारखंड के विकास को नई दिशा देगा।

***************

कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए कई स्तरों पर तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। मंत्री आज रांची के मांडर प्रखंड स्थित शकरपदा गांव में शहीद सोमा उरांव की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित कर रही थीं।

***************

राज्य में होने वाले नगर निकाय चुनाव को देखते हुए सरायकेला–खरसांवा जिले में आज सभी उम्मीदवारों को आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उम्मीदवारों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नियमबद्ध चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

***************

***************

हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड स्थित बोधीबागी में दस दिवसीय शहीद मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में वैसे सपूतों को श्रद्धांजलि दी जा रही है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए बलिदान दिया है। इस अवसर पर बरकट्ठा के विधायक अमित यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के जरिए आने वाली पीढ़ी भी इन शहीदों की वीरता के बारे में जानेगी।

***************

धनबाद जिले के सदर थाना क्षेत्र में एक लोन रिकवरी एजेंट की हत्या कर दी गई है। मृतक के परिजनों ने पहले ही उनके अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। जिले के पुलिस उपाधीक्षक नौशाद आलम ने बताया कि हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आम नागरिकों के भ्रमण के लिए लोक भवन को 15 फरवरी तक खुला रखने का निर्देश दिया है। पहले आज तक ही लोक भवन आम लोगों के लिए खोलने का निर्णय लिया गया था, लेकिन नागरिकों में लोक भवन उद्यान देखने के प्रति उत्साह को ध्यान में रखते हुए पूर्व निर्धारित समय को अगले एक सप्ताह तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

***************

राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम के सामान्य और शुष्क बने रहने की संभावना है। रांची स्थित मौसम केंद्र ने संभावना जताई है कि 12 फरवरी तक रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग और खूंटी समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में सुबह के समय हल्का कुहासा छाया रह सकता है। तापमान में अगले दो दिनों तक कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, हालांकि उसके बाद न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी संभव है।

***************

लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आईपीएल की तर्ज पर 10 फरवरी से चार दिवसीय बलदेव साहू मेमोरियल टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि शुभारंभ मैच की मुख्य अतिथि भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह होंगी। श्री साहू ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतिम दिन 13 फ़रवरी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग भी आएंगे।

***************